ई, मेल :- dforudraprayag@gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 903 / 12-1(2) दिनांक 13 / 10 / 2020::

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
ऊखीमठ।

विषय– **जनपद–रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत क्यार्क बरसूड़ी भैरों बैण्ड से जमेथी तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.34 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को वन भूमि हस्तान्तरण।**

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का अवलोकन करने पर प्रकरण में निम्न कमियां पायी गई।

1. वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में संलग्न पृष्ठ संख्या–28 वैकल्पिक संरेखण का तुलनात्मक विवरण प्रमाण पत्र में संरेखण नं0–2 में अंकित किया गया है कि अधिक वृक्षों का पातन व अधिक वन भूमि प्रभावित हो रही है, किन्तु प्रभावित होने वाली वन भूमि का क्षेत्रफल, प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या तथा मोटर मार्ग की कुल लम्बाई अंकित नहीं की गई है, जिससे आभास होता है कि आप द्वारा वैकल्पिक संरेखण का सर्वे कार्य व पातित वृक्षों की गणना नहीं की गई है। अतः पुनः यूनिट अधिकारी गुप्तकाशी से सम्पर्क कर वैकल्पिक संरेखण का सर्वे कार्य व वृक्षों की गणना कर गणना सूची इस कार्यालय को प्रेषित करें।
2. वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में संलग्न पृष्ठ संख्या–35 वन पंचायत भूमि पर प्रभावित होने वाले वृक्षों के प्रमाण पत्र पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाये जाय।
3. वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में संलग्न पृष्ठ संख्या–37 प्रभावित होने वाले वृक्षों का सारांश प्रमाण पत्र पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाये जाय।
4. वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में संलग्न पृष्ठ संख्या–81 मक डम्पिंग योजना मानचित्र के अवलोकन से ज्ञात हुआ है कि प्रथम मक डिस्पोजल स्थल लगभग 500 मीटर की दूरी पर अंकित किया गया है, जो कि उचित नहीं है।
5. वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में प्रस्तावित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल तीन पैचों (टुकडों) में बनाया गया है, इन पैचों पर ग्रामीणों का कब्जा है। अतः क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल कुल क्षेत्रफल 2.68 है0 का अन्यत्र चयन करें।

उपरोक्त कमियों के निराकरणोपरान्त प्रकरण ऑनलाईन इस कार्यालय को प्रेषित करें तत्पश्चात् प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जानी सम्भव होगी।

उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 903 /दिनांकित।

प्रतिलिपि :– यूनिट अधिकारी, गुप्तकाशी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।